

युवराज और कैफ ने इंग्लैंड के खिलाफ की थी यादगार साझेदारी

युवराज और मोहम्मद कैफ ने 2002 की नेटवेस्ट सीरीज के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ यादगार साझेदारी की थी। भारतीय टीम 326 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और 146 के स्कोर पर उसके पांच विकेट गिर गए थे। इन दोनों की शानदार साझेदारी की मदद से भारत ने खिताब जीता था। युवराज ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 के 50 ओवर वर्ल्ड कप की जीत में भी काफी अहम भूमिका निभाई थी। 2011 के वर्ल्ड कप में वह मैन ऑफ द टूर्नमेंट रहे थे।

## युवराज सिंह ने पोस्ट किया फिटनेस वीडियो, कैफ ने लिए मजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह जिम में कई तरह की कसरत कर रहे हैं। इस एडिटेड वीडियो में बाएं हाथ का यह क्लासिकल बल्लेबाज अपनी फिटनेस का प्रदर्शन कर रहा है। युवराज के टीम के पूर्व साथी मोहम्मद कैफ ने इस वीडियो को लेकर मजाक किया है। कैफ ने उस ट्रेंड पर जिसमें क्रिकेटर एक–दूसरे को फिटनेस चैलेंज भेजते हैं, पर मजाक करते हुए कॉमेंट किया, भाई अब तुम फिटनेस चैलेंज भेजो मेरे लिए। युवराज और कैफ का साथ अंडर–19 टीम से है। भारतीय टीम ने कैफ की कप्तानी में अंडर–19 वर्ल्ड कप जीता था तब युवराज उस टीम के स्टार थे। इस वीडियो पर युवराज की पत्नी हेजल कीच ने भी कॉमेंट किया है। हेजल ने लिखा है, ओह मैन! मैं बैकग्राउंड में रहकर खुश नहीं हूं। बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने भी युवराज के वीडियो पर कॉमेंट किया है। उन्होंने इस वीडियो पर इमोजी बनाई हैं।

# सौरभ गांगुली की विराट कोहली की टीम को दो टूक

**क्रिकेट**

## पिंक टेस्ट के लिए विराट को मनाने में नहीं लगे 10 सेकंडः गांगुली

विदेशी धरती पर जीतना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली को विराट कोहली की टीम से एक शिकायत है। गांगुली ने साफ किया किया टीम बहुत अच्छी है लेकिन उसे भारत से बाहर जीतना होगा। सौरभ गांगुली ने कहा कि इसमें कोई छुपाने वाली बात नहीं है लेकिन टीम को विदेशी धरती पर अपने खेल में सुधार करना होगा। हम न्यूजीलैंड में अच्छा नहीं खेले।

स्पोर्ट्सकीड़ा के साथ खास बातचीत में पूर्व भारतीय कप्तान से जब पूछा गया कि मौजूदा टीम के बारे में उन्हें क्या कमजोरी दिखाई देती है हालांकि यह शानदार टीम है, इस पर गांगुली ने कहा, नहीं, उन्हें बाहर अच्छा खेलना होगा। वे



ऐसा नहीं कर रहे हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं भी कप्तान था तो मैं यही कहता था कि मेरा काम का आकलन इस आधार पर होगा कि मैंने भारत से बाहर कैसा प्रदर्शन किया है। और विराट कोहली की टीम के लिए भी यह नियम लागू होता है।

उन्होंने कहा, मैं विराट से इस बारे में बात करूंगा और टीम को विदेशी धरती पर अच्छा खेलने में मदद करेंगे। गांगुली ने कहा कि इस मामले में कुछ बदला नहीं है। मैं चाहता हूं कि विराट की टीम बाहर भी अच्छे खेल का प्रदर्शन करे। हम न्यूजीलैंड में अच्छा नहीं खेले और हमें इस एरिया में सुधार करने की जरूरत है।

गांगुली ने कहा कि कई लोगों की राय थी कि विराट कोहली पिंक बॉल टेस्ट के लिए राजी नहीं होंगे। इसे लेकर कोहली की कुछ अपने सवाल हैं। लेकिन जब मैंने उनसे कहा कि हमें पिंक बॉल टेस्ट खेलना है तो उन्होंने फौरन हां कर दिया। पूरी बातचीत में 10 सेकंड भी नहीं लगे। गांगुली ने कहा कि हमने सिर्फ सात दिन में गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेला और सब कुछ बहुत अच्छे ढंग से निपटा।

**अहस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ भी होगा पिंक टेस्टः** बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में पिंक बॉल से टेस्ट मैच खेलेंगे और अगले साल इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में भी पिंक टेस्ट मैच होगा। भारत को इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

इसके बाद अगले साल इंग्लैंड की टीम भारत का दौरा करेगी जिसमें पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। गांगुली साफ कर चुके हैं कि वह चाहते हैं कि हर सीरीज में एक पिंक बॉल टेस्ट मैच हो।

# शिखर धवन को बेटे जोरावर ने दिया फ्रेश लुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन सोशल मीडिया पर खूब मस्ती करते दिखाई देते हैं। उनके बेटे जोरावर के साथ उनकी ट्यूनिंग जबरदस्त है। बाप–बेटे दोनों खूब मस्ती करते हुए नजर आते हैं। अब उनकी मस्ती का एक और आयाम देखने को मिला है। जोरावर ने पिता शिखर को एक नया लुक दिया है।

धवन को भी एक फ्रेश लुक मिला है। और लुक उन्हें दिया है उनके बेटे श्हेडमास्टरश जोरावर ने। धवन ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की जहां देखा जा सकता है कि उनका बेटा ट्रिमर से उन्हें एक फ्रेश लुक दे रहा है। कोरोना



वायरस लॉकडाउन ने लोगों को कई चीजों से दूर कर दिया। इसमें से एक सैलून भी रहा। लोग बाहर जाकर अपने बाल और दाढ़ी नहीं कटवा पाए। ऐसे में कई लोगों ने अपने परिवार की मदद ली। उनके परिवार के सदस्यों ने ही उन्हें फेवरिट हेयरकट दिया। धवन ने इस वीडियो के साथ कैप्शन दिया, फ्रेश लुक, हेडमास्टर जोरावर का बहुत शुक्रिया।

बेटे जोरावर के साथ शिखर धवन की ट्यूनिंग जबरदस्त

हालांकि जोरावर के लिए यह काफी मुश्किल काम नहीं रहा होगा क्योंकि धवन वैसे भी काफी छोटे बाल रखते हैं। धवन खुद भी अपने बालों को लेकर मजाक करते रहते हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें उन्होंने एक रंगीन विग पहनी हुई थी।

उन्होंने कैप्शन दिया था, आखिरकार कुछ बाल तो आए। ऐसा पहली बार नहीं है जब सोशल मीडिया पर जोरावर और धवन की मस्ती नजर आई हो। धवन पहले भी कई बार अपने और जोरावर के मस्ती के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहे हैं।

## न्यूजीलैंड ने नहीं दिया आईपीएल 2020 की मेजबानी का ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात से इनकार कर दिया है कि इंडियन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता की मेजबानी की लिए उन्होंने कोई पेशकश नहीं की है। कहा जा रहा था कि भारत में होने वाला आइपीएल इस बार न्यूजीलैंड में हो सकता है। कीवी क्रिकेट बोर्ड के प्रवक्ता ने ये स्पष्ट कर दिया है कि कोरोना वायरस से मुक्त हो चुके न्यूजीलैंड में आइपीएल की मेजबानी के लिए हमने कोई ऑफर बीसीसीआइ को नहीं दिया है। बीसीसीआइ अधिकारी के हवाले से कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड सबसे नया देश है, जिसने ब्ल्प–19 के कारण भारत में अरबों डॉलर की लीग आयोजित नहीं होने की स्थिति में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने की पेशकश की है। यह प्रतियोगिता मार्च में शुरू होने वाली थी, लेकिन कोरोना के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की पहली पसंद घर पर टूर्नामेंट का आयोजन करने पर है, लेकिन भारत ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद कोरोना वायरस के मामलों में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

## न्यूज डायरी




## इंग्लैंड दौरे पर शाहिद अफरीदी फाउंडेशन का लोगो लगाकर खेलेगी पाक टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के लिए मुख्य प्रायोजक (ँचवदेवत वित चंपेजंद जमंउ) ढूंढने के लिए जूझ रहा है और ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के दौरान पाकिस्तान क्रिकेटर अपनी जर्सी पर शाहिद अफरीदी फाउंडेशन (ैींपक ।तिपकप थ्वनदकंजपवद) का लोगो लगाकर खेलेंगे। पूर्व कप्तान अफरीदी ने ट्वीट किया, 'हमें खुशी है कि शाहिद अफरीदी फाउंडेशन का लोगो पाकिस्तानी खिलाड़ियों की किट पर होगा क्योंकि हम पीसीबी के चौरिटी साझेदार हैं। लगातार समर्थन के लिए वसीम खान और पीसीबी को धन्यवाद। दौरे के लिए हमारे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।' पीसीबी पर भी कोरोना वायरस महामारी का असर पड़ा है। पीसीबी के एक सूत्र के अनुसार पेय पदार्थ बनाने वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ बात चल रही है जिसने नया टीम लोगो करार करने में रुचि दिखाई है लेकिन बोर्ड के मार्केटिंग विशेषज्ञों की उम्मीद से काफी कम राशि की पेशकश की है।

## शुरू हुआ क्रिकेट, रोहित और रहाणे भी जल्द चाहते हैं वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बुधवार से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच के आगाज के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो गई। इस बीच रोहित शर्मा और अंजिक्य रहाणे ने भी मैदान पर लौटने और क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई है। अजिंक्य रहाणे ने ट्वीट किया, श्क्रिकेट की वापसी देखकर कितनी खुशी हो रही है। दोनों टीमों को बहुत–बहुत बधाई। मैं भी मैदान पर जल्द लौटना चाहता हूं। वहीं रोहित शर्मा ने ट्वीट किया, क्रिकेट की वापसी हो रही है। यूके से अच्छी खबरें आ रही हैं। आखिरकार कुछ क्रिकेट देखकर कितना अच्छा लग रहा है। दोनों टीमों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं। मैं भी जल्द से जल्द खेलना चाहता हूं। कोरोना वायरस महामारी के चलते मार्च से कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं हुआ है। इसके चलते सारी दुनिया में खेल गतिविधियां ठहर गई थीं। खेल की वापसी करने में कुछ समय लगा। धीरे–धीरे सावधानी के अलग–अलग खेल वापसी कर रहे हैं।

## वकार यूनिस ने बताया क्यों नहीं जीतता है पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वकार यूनिस पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का अहम हिस्सा रहे। 1990 और 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में यूनिस ने पाकिस्तानी टीम की कामयाबी में अहम हिस्सा निभाया। हालांकि वकार को एक बात का दुख जरूर है कि चोट की वजह से वह 1992 के विश्व कप का हिस्सा नहीं बन पाए। पाकिस्तानी टीम ने उस साल विश्व कप जीता था। यूनिस हालांकि 1996 और 2003 तक पाकिस्तानी टीम का अहम हिस्सा रहे। 2003 के विश्व कप में तो वह टीम के कप्तान भी थे। दोनों ही बार पाकिस्तानी टीम का मुकाबला भारत से हुआ लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर पाई। वैसे अगर आंकड़ों की बात करें तो पाकिस्तानी टीम कभी भी भारतीय टीम को विश्व कप में हरा नहीं पाई है। 1992 में पहली बार दोनों टीमें विश्व कप में भिड़ी थीं लेकिन तब से लेकर 1996, 1999, 2003, 2011, 2015 और यहां तक कि 2019 में भी पाकिस्तानी टीम भारत को नहीं हरा पाई।

## नियम भूलकर बेन स्टोक्स से हाथ मिलाने लगे होल्डर, ब्रॉडकास्टर ने किया मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैम्प्टन। वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले हाथ न मिलाने का निर्देश लगभग भूल ही गए थे। बुधवार को साउथैम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस हारने के बाद उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की ओर हाथ बढ़ा दिया। लेकिन, यहां स्टोक्स ने अपनी कोहनी आगे बढ़ा दी और दोनों कप्तान अपनी हंसी रोक नहीं पाए। टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कोरोन वायरस महामारी के बाद यह पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जा रहा है। जैसे ही यह घटना हुई माइक पर ब्रॉडकास्टर ने कहा, आप ऐसा नहीं कर सकते, कोई बात नहीं अब हाथ सैनेटाइज कर लेना।